स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश



नगर की खबर
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
2023

# स्वच्छता टाइम्स

अंक 11 दिनांक: 01 जून 2023

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि निकायों को बनाएं आत्मनिर्भर, समय पर कार्य को गुणवत्ता के साथ कराएं पूरा: माननीय मुख्यमंत्री



**माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सरकारी आवास पर नव निर्वाचित 7 महापौर से मुलाकात की**

**लखनऊः** माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के नवनिर्वाचित महापौर समस्य नगर निगम से कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराएं। मेयर जनप्रतिनिधि के सहयोग और अपनी सकारात्मक छवि के साथ आवश्यक कार्यों को वरीयता के अनुसार आगे बढ़ाएं। नगर निगम के सभी वार्डों में विकास कार्यों को समान रूप से कराया जाए। शहर में समय पर एवं नियमित रूप से साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्यों को कराया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी से 23 मई को सरकारी आवास पर नगर निगम गाजियाबाद, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, वृंदावन-मथुरा, झांसी, शाहजहांपुर के नवनिर्वाचित मेयर ने भेंट की और जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के 17 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित कर रही है। प्रदेश सरकार सभी स्मार्ट सिटी एवं गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी के कार्यों को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ा रही है। शहरों में ट्रैफिक मैनेजमेंट और सुरक्षा का वातावरण विकसित किया जा रहा है। शहर में वाहन अव्यवस्थित ढंग से न खड़े हों, इसके लिए उचित स्थान पर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नगर निगम जब आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, तो अपने विकास कार्यों के लिए कार्ययोजना बना सकेंगे और उसे सही रूप दे सकेंगे। नगर निगम मल्टीलेवल पार्किंग, कन्वेंशन सेंटर जैसे माध्यमों से अपनी आय बढ़ा सकेंगे। अतिरिक्त आय का उपयोग विभिन्न




आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की संयुक्त सचिव एवं स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती रुपा मिश्रा दो दिवसीय दौरे पर 25 मई को वाराणसी पहुंची। इस दौरान उन्होंने रमना में एनटीपीसी द्वारा तैयार की जा रही हरित कोयला परियोजना की समीक्षा की। प्लांट का निरीक्षण करने के साथ ही पौधारोपण भी किया। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती रुपा मिश्रा ने नमो घाट पर साफ-सफाई व्यवस्था देखी। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय ) के तहत नगर निगम वाराणसी की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप वार्ड स्तर पर प्रतिमाह प्रतिस्पर्धा कराने और प्रथम, द्वितीय, तृतीय को सम्मानित करने का सुझाव दिया। घाटों की सफाई को लेकर गंगा स्क्वॉड बनाने और गंगा सभा का आयोजन करने का भी सुझाव दिया।

## प्रदेश के नगरीय निकायों में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

लखनऊ : प्रदेश के नगरीय निकायों में 26 और 27 मई को नवनिर्वाचित नगर निगम के महापौर, नगर पालिका परिषद/पंचायत के अध्यक्षों समेत अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां बड़े जोरों-शोरों से की गई। शासन की ओर से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए। नगर निगम में नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों को मंडलायुक्त या उनकी अनुपस्थिति में जिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाए जाने की व्यवस्था की गई। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सदस्यों को जिला अधिकारी या उनकी अनुपस्थिति में नामित उप जिला अधिकारी द्वारा शपथ दिलाए जाने की व्यवस्था की गई।



सभी मंडलायुक्त व जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्धारित तिथि पर शपथ ग्रहण कराते हुए शासन को इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद आगामी 23 जून तक अनिवार्य रूप से नगर निगम सदन और नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत बोर्ड की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। पहली बैठक में वर्ष 2023-24 में निकायों में कराए जाने वाले कामों की कार्य योजना तैयार करते हुए बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त कर शासन को 30 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शासन स्तर से इसी आधार पर निकायों की कार्ययोजना स्वीकृत की जाएगी।



**श्री ए0 के0 शर्मा**
माननीय नगर विकास मंत्री

**प्रदेश में** ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है और कार्य भी शुरू कर दिया है। सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने शपथ लेकर नगर विकास विभाग परिवार के अंग बन चुके हैं। इन सभी प्रतिनिधियों में नगर विकास के कार्यों, योजनाओं व क्रियाकलापों के प्रति ललक, अभिरुचि पैदा करने के लिए, उन्हें योजनाओ की जानकारी देने, साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के संकल्पों, अपेक्षाओं व विजन को पूरा करने के लिए 01 जून को एक वृहद व ऐतिहासिक कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया है। यह पूरे देश एवं प्रदेश की ऐसी पहली कार्यशाला होगी, जिसमें किसी प्रदेश के 762 निकायों के चुनें हुए प्रतिनिधि एवं अधिकारी भाग लेंगे। इसमें नगर निगमों के मेयर, नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों के चेयरमैन शामिल होंगे। निकायों के अन्य प्रतिनिधि भी कार्यशाला से वर्चुअल जुड़ेंगे। इस प्रकार पूरे प्रदेश से इस ऐतिहासिक कार्यशाला में 02 हज़ार से अधिक लोगो की उपस्थित रहेंगी।

कार्यशाला में नगर विकास के कार्यों व कार्यप्रणाली के जानकार विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद के साथ ही दोनों उप मुख्यमंत्रियों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## नगर विकास मंत्री ने 'मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर ' अभियान के तहत स्थापित 'ना थ्रो, ना थ्रो' RRR सेंटर का किया उद्घाटन




लखनऊ : प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल हमारी जीवन शैली हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यक्तियों के व्यवहार में परिवर्तन आए इसके लिए केंद्र सरकार की मिशन लाइव कार्यक्रम के पहल पर शहरों को साफ सुथरा, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए योगी सरकार प्रदेश के सभी 762 निकायों में 'ना थ्रो, ना थ्रो ' RRR सेंटर बना रहा है। आगे चलकर इसे सभी निकायों के प्रत्येक वार्ड में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव पर्यावरण के साथ हम सभी के जीवन को प्रभावित कर रहा है। प्रकृति का कम से कम दोहन कर हमें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। साथ ही अच्छे वातावरण के लिए अपने जीवन में रिड्यूस, रीयूज,रीसाइकिल की कार्य पद्धति को भी अपनाना होगा। कहां की मिशन लाइव कार्यक्रम की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 20अक्टूबर, 2022 को गुजरात में की थी, जिसके कार्यक्रम आज पूरे देश में चल रहे हैं। हमारे प्रदेश में भी 15 मई से 05जून,2023 तक विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने 20 मई को लखनऊ नगर निगम द्वारा लालबाग के दया निधान पार्क में 'मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर ' अभियान के तहत स्थापित 'ना थ्रो, ना थ्रो' RRR सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अपने घरों की निष्प्रयोज्य सामग्री को इधर उधर न फेंकने के बजाय निकायों में स्थापित RRR सेंटर को देने की अपील की। जिससे कि जरूरतमंदों कि इससे मदद की जा सके। लोगों के घरों में व्यर्थ पड़ी इस सामग्री का रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल कर शहरों को और स्वच्छ, सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निष्प्रयोज्य सामग्री को इधर-उधर फेंकने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, जल में जाने से पानी अशुद्ध होता है और नाले नालियों में जाने से यह चोक हो जाती है। ये सामग्री शहरों की साफ-सफाई और सुंदरता को भी खराब करती हैं। नगर विकास मंत्री ने कहा की लोगों के घरों में पड़ी अनुपयोगी सामग्री किसी के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है। किसी के जीवन का सपना इससे पूरा हो सकता है।



**माननीय** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपनी पुरानी पहचान को पीछे छोड़ते हुए खुशहाली की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज प्रदेश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। जिसे यहां की जनता महसूस भी कर रही है। आमजन तक सभी सरकारी योजनाओं के लाभ की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। नगरों को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है साथ कचरे का समुचित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। आमजन घरों से निकलने वाले गीले कचरे की होम कंपोस्टिंग की दिशा में भी हम आगे बढ़ रहे हैं।

**श्री राकेश राठौर 'गुरु'**
माननीय नगर विकास राज्य मंत्री
उत्तर प्रदेश



**नगरीय** सुविधाओं को नया आयाम देने के लिए नगर विकास विभाग संकल्पबद्ध है। घर-घर कचरा उठान की सफलता के बाद हमारा जोर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुकता को बढ़ाना है। स्थायी स्वच्छता के लिए आमजन का जागरुक होना अति आवश्यक है। इसलिए हम अब इस दिशा की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। आमजन को अपने घरों में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। घरों में कूड़ा पृथक्कीकरण से कचरे के निस्तारण में आसानी हो रही है। कचरे के समुचित निस्तारण में समय भी कम लग रहा है। इसके अलावा नगरीय सुविधाओं की आमजन तक पहुंच को सुलभ बनाने पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

**श्री अमृत अभिजात**
प्रमुख सचिव नगर विकास

## बरसात से पहले कराएं सभी नाले-नालियों की मशीनों से सफाई - श्री ए0के0 शर्मा



**लखनऊ:** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने बरसात से पहले ही जल भराव और गंदगी जैसी समस्याओं से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए आज (शुक्रवार) को जोन 05 और 08 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और किला मोहम्मदी ड्रेन का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने बारिश के पहले शहर के सभी नाले-नालियों और सीवर की मशीनरी द्वारा सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। वहीं रिहायशी इलाकों में नालियों की सफाई और गंदगी से मुक्ति के लिए दिन में 02 बार और व्यावसायिक क्षेत्रों में 03 बार साफाई कराने के निर्देश दिए। वहीं, इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने शहरवासियों से कूड़े को कहीं भी फेकने की जगह दरवाजे पर आने वाली कूड़ा गाड़ी को ही देने की अपील की।

नगर विकास मंत्री ने 19 मई को लखनऊ स्थित पकरी पुल के समीप बने नाले का निरीक्षण किया ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री जी ने नगर निगम के अधिकारियों को बारिश से पहले इन सभी कमियों को दूर कर उचित सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने हिंद नगर स्थित एलडीए कालोनी के पास बने नाले का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाले की सफाई के निर्देश के साथ ही क्षेत्र में किसी भी प्रकार का जलजमाव व गंदगी न होने पाए इसके निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आशियाना स्थित खजाना मार्केट, सेक्टर एन-1 पहुंचे। जहां उन्होंने सीवेज पंपिंग स्टेशन और किला मोहम्मदी ड्रेन नाले का निरीक्षण किया। यह वह जगह है जहां सभी नाले आकर मिलते हैं और जोन 05 व 08 क्षेत्र के पानी को शहर से बाहर निकालते हैं।

## नवदेवी सम्मान: राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 30 महिलाएं चयनित

लखनऊः प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही महिलाओं को सम्मान करने के लिए आयोजित नवदेवी सम्मान कार्यक्रम के नतीजे जारी कर दिए गए है। राज्य स्तर पर 30 महिलाओं को इस नवदेवी सम्मान के लिए चुना गया है। राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति की संस्तुति पर चयन किया गया है।

राज्य मिशन निदेशालय (स्वच्छ भारत मिशन) उत्तर प्रदेश की ओर से स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं नेतृत्व को मजबूत करने के लिये प्रदेश स्तर पर नवदेवी सम्मान समारोह के आयोजन का फैसला लिया गया था। इसमें, नवरात्रि पर्व के मद्देनजर मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुसार निकाय स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के प्रयासों को पहचान कर सम्मानित किया जाना था। इस संबंध में जिला और मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यहां से चयनित महिलाओं के नाम राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भेजे गए थे।

झांसी नगर निगम क्षेत्र की नीलम सारंगी को वेस्ट टू वेल्थ कैटेगरी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) श्रेणी में पारुल मलिक (बरेली नगर निगम) को प्रथम, आंचल सिंह (लखनऊ नगर निगम) को द्वितीय, नेहा कुशवाहा (आगरा नगर निगम) को तृतीय, निधि गौतम (गाजियाबाद नगर निगम) को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसी प्रकार वेस्ट टू वेल्थ श्रेणी में नीलम सारंगी (झांसी नगर निगम) को प्रथम, सुधा देवी (नगर पालिका कुरावली, मैनपुरी) को द्वितीय, स्मृति मिश्रा (कानपुर नगर निगम) को तृतीय, संतोष कुमार सिंह (आजमगढ़) को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है।




**फाइल फोटो : बरेली में आयोजित नव देवी सम्मान समारोह**

# प्रदेश की 30 लिगेसी वेस्ट साइट्स हुई साफ, अब स्वच्छ परिवर्तन अभियान की शुरुआत

## स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उत्तर प्रदेश ने लिगेसी वेस्ट साइट्स के सौंदर्यीकरण एवं जनभागीदारी बढ़ाने के लिए शुरु किया विशेष अभियान

लखनऊः स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश के सफल प्रयासों का नतीजा है कि प्रदेश की 30 लिगेसी वेस्ट साइट्स को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है। यहां दशकों से जमा कूड़े के ढेर का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अब बारी इन स्थानों के सौंदर्यीकरण की है। इसके मद्देनजर स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश की ओर से 22 मई से विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। 05 जून तक संचालित इस 15 दिवसीय अभियान में एक ओर उक्त स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए मियावाकी तकनीकी के अनुरूप पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही, लिगेसी वेस्ट बायो रिमेडियेशन का कार्य जिन स्थानों पर पूर्ण किया जा चुका है, उन स्थानों पर नया कूड़ा न डाला जाये, उसके लिए जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। निकायों में सामुदायिक स्तर के संस्थानों जैसे स्वयं सहायता समूहों, युवा क्लब, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, एन0सी0सी0 एन0एस0एस0 स्वच्छ साथियों, स्वयं सेवी संगठन, स्वच्छता एम्बेस्डर्स, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियां इत्यादि की अपशिष्ट प्रबंधन में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

निस्तारण से पहले के फोटो



निस्तारण के बाद के फोटो



बागपतः नगर पालिका परिषद बड़ौत के सफल प्रयासों का नतीजा है कि 33,660 MT लिगेसी वेस्ट का निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कूड़े के पहाड़ के स्थान पर अब हरा-भरा मैदान नगर की शोभा बढ़ा रहा है।

### यह निर्देश किए गए हैं जारी

- निकाय द्वारा रेमिडिएटेड वेस्ट साईटो का सौन्दर्यीकरण करते हुए उन्हे वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में विकसित कर शहर को दिनांक 05 जून 2023 को अर्पित किया जाना है।
- निकाय अपने नये कार्यों हेतु रेमिडिएटेड वेस्ट साइट को प्रयोग में लाना।
- निकाय द्वारा रेमिडिएटेड साईट पर सेल्फी प्वाइंट बनाना।
- निकायों द्वारा रेमिडिएटेड साईट पर जीरो वेस्ट इवेंट कराया जाना।
- निकायों द्वारा अन्य विभागों को भी रेमिडिएटेड साइट का प्रयोग अपने विभागों के कार्यक्रम को करने हेतु प्रोत्साहित करना।



# नगर विकास मंत्री ने नवनियुक्त 97 अधिकारियों को प्रशिक्षण पत्र के साथ तैनाती पत्र देकर पहली बार अधिकारियों के मन पसंद निकायों में तैनाती प्रदान की

### मंत्री ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित भी किया- मंत्री श्री ए0के0 शर्मा

**लखनऊ:** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि नगरीय व्यवस्थापन को बेहतर बनाने के लिए प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रबंधन की कमी से ही समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश बनाने के लिए नगरों को उत्कृष्ट बनाएं। सभी निकायों में मशीन और मनुष्य का बेहतर तालमेल करते हुए कार्यों को करना होगा, जिससे नगरों को वैश्विक नगरों के समान ही व्यवस्थाओं, रख-रखाव, साफ-सफाई, हरियाली व सौन्दर्यीकरण से सुसज्जित किया जा सके। नगरीय व्यवस्थापन का कार्य निरन्तर उच्चतर करने का है, इसमें तकनीकी का भरपूर प्रयोग, अर्बन मैनेजमेंट, इनोवेशन, क्रिएटिव और गुड गवर्नेंस का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की लड़ाई आजादी की लड़ाई से भी बड़ी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छता संदेश को माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने आगे बढ़ाते हुए पूरे देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। प्रदेश में जिसका संचालन मा मुख्यमंत्री जी नेतृत्व में किया जा रहा है।



मंत्री जी के प्रयासों से एक वर्ष में नगर विकास विभाग में आई कुल 46308 जन शिकायतों में से 45829 का सफल निस्तारण कराया गया, वहीं ऊर्जा विभाग में भी 170854 शिकायतों में से 156699 का सफल निस्तारण हो चुका है और 14155 प्रक्रिया में है। नगर विकास मंत्री ने मंगलवार 23 मई को नगरीय निकाय निदेशालय में प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान से 45 दिन का आधारभूत प्रशिक्षण पाये निकाय के नवनियुक्त 97 अधिकारियों को प्रशिक्षण पत्र के साथ तैनाती पत्र देकर पहली बार अधिकारियों के मन पसंद निकायों में तैनाती प्रदान की। इसमें 24 महिला अधिकारी तथा 73 पुरूष अधिकारी प्रशिक्षु रहे, जिसमें से 05 सहायक नगर आयुक्त, 81 अधिशासी अधिकारी, 09 राजस्व निरीक्षक तथा 02 सहायक अभियन्ता (टैª फिक) हैं। मंत्री जी ने नवनियुक्त सभी अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा



एवं ईमानदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित भी किया। कहा कि फील्ड में कार्य पर निकलते ही, आपके कार्यों की पड़ताल और परीक्षा की घड़ी चालू हो जायेगी। निकाय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से भी शीघ्र ही आपकी मुलाकात होगी। नगरों के सर्वेसर्वा भी स्वयं आप ही होंगे। अपने नगरों की जाकर जिम्मेदारी लें और अपने अच्छे कार्यों से नगर को श्रेष्ठ बनाएं।

इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि यह हमेशा सोच हो कि सभी निकाय अधिकारी अपने निकाय के प्रमुख सफाईकर्मी ही होते हैं। हमारा कार्य निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करना है। हमारे कार्य ऐसे हों कि उस क्षेत्र की जनता हमेशा हमारे कार्यों को याद रखे। नगरीय सेवा बहुत ही महत्वपूर्ण सेवा है। नगर किसी भी देश-प्रदेश का आईना होता है। आपके नगर को देखकर ही कोई भी आपके देश-प्रदेश एवं स्वयं आपके बारे में धारणा बनाता है।

## निदेशक की कलम से...



श्रीमती नेहा शर्मा
निदेशक, स्थानीय निकाय

**नगर** विकास विभाग आमजन के नगरीय जीवन को उत्कृष्ट बनाने के प्रतिबद्ध है। नगरों को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य प्रात: काल से शुरू हो जाता है। लेकिन स्थायी स्वच्छता बिना जनसहभागिता के सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसलिए विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। नगरीय परिवेश में बदलाव के लिए हम सामूहिक प्रयास कर रहे हैं। आमजन को अपने घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही हम होम कंपोस्टिंग के माध्यम से गीले कचरे के निस्तारण के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को स्वच्छ बनाने में आप सभी भी सहभागी बनें। हमें नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बनाना है, जन-जन के सपनों का प्रदेश बनाना है।

# मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने नवनियुक्त अधिकारियों का मार्गदर्शन के साथ बताए सफलता के मंत्र

लखनऊ: आधारभूत प्रशिक्षण के समापन पर सोमवार 22 मई को विशेष समारोह का आयोजन किया गया। नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने नवनियुक्त अधिकारियों को आशीर्वाद देने के साथ ही मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य सचिव ने कहा कि बेहतर जीवन जीने की अवधारणा तेजी से बढ़ रही है ,और इस वजह से शहरों में जनसंख्या भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2011 में प्रदेश के शहरों में 31ः आबादी निवास कर रहे थी जो अब बढ़कर 36ः हो गई है। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने जिलों में जाकर उस जिले का स्थापना दिवस मनाए। हर साल जब भी स्थापना दिवस मनाया जाए, तब यह देखा जाना चाहिए कि 01 साल के अंदर जिले ने कितनी प्रगति की और भविष्य की क्या संभावनाएं हैं।

श्री मिश्र ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लागू की गई कई योजनाओं का हवाला देते हुए नवनियुक्त अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं की सफलता की जिम्मेदारी और जन जन तक पहुंचाने का जिम्मा उनके कंधों पर है। इनकी सफलता को और



आगे बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश में इस समय बदलाव की लहर चल रही है। हर इंसान तरक्की करना चाहता है और इसी वजह से वह शहर की ओर आ रहा है। शहर ही आर्थिक विकास का मुख्य आधार है और ग्रामीण क्षेत्र उत्पादन का आधार है। उन्होंने कहा कि शहर में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन से लेकर हर प्रकार की सुख सुविधाएं पानी, बिजली, गैस, मकान उपलब्ध हैं, इसलिए लोग यहां आना चाहते हैं और हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने शहरों को साफ सुथरा और हर दृष्टिकोण से बेहतर बनाएं।

## शक्ति के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने नगरीय प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों में आए बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले नगरीय निकायों में नाली सफाई,सड़क की सफाई मच्छरों की रोकथाम, त्योहारों पर ड्यूटी जैसा काम होता था, परंतु आज के हमारे नगरीय प्रशासन से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, एयर क्वालिटी कंट्रोल जैसी व्यवस्था की उम्मीद की जाती हैं। इसलिए, इस प्रशिक्षण की आवश्यकता थी।

प्रमुख सचिव ने नवनियुक्त अधिकारियों को सीख दी कि बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। फील्ड पर



जिंदगी की राह आसान नहीं मिलेगी। काफी चुनौतियां हैं लेकिन, आप चुनकर आए हैं और आप भाग्यशाली हैं कि आपको एक अच्छी मर्यादित जिम्मेदारी मिली है। आपको देश के विकास में 05 ट्रीलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने में आपकी सशक्त जगह पर नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

## मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव नगर विकास ने किया सम्मानित

मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव श्री अमृत अभिजात और सचिव श्री रंजन कुमार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया। श्री देवकीनन्दन, सुश्री शीलू अवस्थी व मो. अनवर को बेस्ट ट्रेनीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री अभिनव श्रीवास्तव, श्री दिनेश कुमार, श्री संदीप सारस्वत, सुश्री आरती साहू, सुश्री प्रियंका और श्री सौरभ नाथ को बेस्ट परफोर्मर अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव नगर विकास श्री रंजन कुमार, अपर निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय श्रीमती ऋतु सुहास, उप निदेशक (प्रशासन) श्रीमती रश्मि सिंह, समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नगर विकास मंत्री की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया

**लखनऊः** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा 26 मई को नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष/सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ श्री विनय वर्मा, विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द उपस्थित रहे।जनपद सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नगर पालिका सिद्धार्थनगर अध्यक्ष श्री गोविन्द माधव और नगर पालिका क्षेत्र के 25 सभासदों आशा, शिवमणि भारती, श्यामदेव, अनीता, रेशमा, मनोज सिंह, सुभावती, ज्ञानती देवी, राजाराम, सुधीर यादव, फतेबहादुर सिंह, सफीना खातून, राम औतार, जितेन्द्र कुमार मौर्य, गनेश सिंह लोधी, अमित सिंह, संदीप कुमार जायसवाल, इसरार अहमद उर्फ कल्लू हाशमी, सरिता रस्तोगी, सालेहा खातून, चन्द्र प्रकाश, केदार, धनन्जय सहाय, ममता, शिव कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सभी निकायों के विकास के मामले में धन की कमी नहीं होने पाएगी। प्रदेश के सर्वाधिक विकसित निकायों में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर का पहला स्थान होगा। इसके लिए हर स्तर पर प्रयास होगा। प्रदेश में हुए निकाय चुनाव में जीत माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी



के सुशासन लोक कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। साथ ही पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनता की जीत है। प्रदेश की जनता ने जिस तरीके से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का कार्य किया है, उसी गति से विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि नगर के चेहरे को चमकाने में विकास कार्य में अहम भूमिका होती है। मंत्री जी ने कहा कि सांसद जगदंबिका पाल नगर को आदर्श बनाने के साथ ही प्रदेश में नंबर एक पर लाने की दिशा में जो भी कार्ययोजना तैयार की जायेगी, उसको धरातल पर उतारने एवं योजनाओं को अमली जामा पहनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। मंत्री जी ने अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को नगर पालिका क्षेत्र में जल निकासी की समस्या एवं बेहतर सड़कों के निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने को कहा, जिससे नगर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण हो सके।




इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर हॉल में नवनिर्वाचित मा. महापौर एवं 110 मा. पार्षदों ने शपथ ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद सभी ने पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।




नव निर्वाचित आगरा नगर निगम के महापौर व पार्षदगण का शपथ ग्रहण का भव्य समारोह सूर सदन प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एव प्रभारी मंत्री जनपद आगरा श्री ए.के. शर्मा जी द्वारा सभी गणमान्यजनों की उपस्थित में वैदिक मंत्रोच्चार तथा शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया।शपथ ग्रहण के शुभ मुहूर्त में सर्वप्रथम जिलाधिकारी आगरा श्री नवनीत सिंह चहल द्वारा नव निर्वाचित महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर कुशवाह को शपथ ग्रहण कराई गई।

# नगर विकास मंत्री ने शहरों में समुचित जलनिकासी के लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय बनाकर कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**लखनऊः** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के.शर्मा ने मानसून के दौरान एवं वर्षा ऋतु में शहरों में जलभराव एवं जलनिकासी की समस्याओं पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नगरों की नाले व नालियों की सफाई के लिए माइक्रोप्लान बनाकर जलनिकासी हेतु समुचित प्रबंध करने को कहा तथा सभी नालों का ब्यौरा जुटाने के भी निर्देश दिए।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने आज फील्ड हास्टल संगम में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शहरी जलनिकासी, नाले-नालियों की सफाई, जलभराव आदि समस्याओं को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष लखनऊ नगर के नागरिकों को बरसात में जलभराव की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जल भराव से सम्बन्धित कई समस्याओं का समाधान विभिन्न विभाग के समन्वय एवं समेकित प्रयास से ही हो सकता है अतः सभी को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा।



बैठक में नगर आयुक्त लखनऊ द्वारा नगर में जलनिकासी की विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया गया है। मंत्री जी ने प्रस्तुतिकरण में आयी समस्याओं के त्वरित निदान के लिए अहम निर्देश दिए।

लखनऊ में 1090 चौराहे के पास हैदर कैनाल के गोमती नदी के मिलान बिन्दु पर निर्मित आर0सी0सी0 वॉल के कारण हैदर कैनाल में बहाव बाधित होने के सम्बन्ध में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया एवं इसको तोड़े जाने का अनुरोध किया गया। इस पर मुख्य अभियन्ता सिंचाई विभाग को नगर निगम के साथ संयुक्त निरीक्षण कर तकनीकी परीक्षणोपरान्त समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही इस स्थल के निकट जल निगम द्वारा निर्माणाधीन एस.टी.पी. के कारण हैदर कैनाल का बहाव बाधित होने के दृष्टिगत 15 जून तक बहाव खोले जाने हेतु प्रतिबद्धता दी गयी। इसी प्रकार सीतापुर रोड पर हाथी बाबा मंदिर के पास बनी कल्वर्ट के क्षतिग्रस्त होने के दृष्टिगत जलनिकासी न होने के कारण उक्त पुलिया के पुनर्निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र कार्य कराये जाने हेतु प्रतिबद्धता दी गयी। कठौता चौराहे से एलपीएस मोड़ तक नाला निर्माण कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रगतिधीन है जिसे अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 15 जून से पूर्व पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्धता दी गयी।

मंत्री जी द्वारा केसरी खेड़ा में रेलवे ट्रैक के किनारे नाला सफाई की समस्या तथा क़िला मोहम्मदी नाले को रेलवे ट्रैक क्रासिंग की समस्याओं के समाधान हेतु सिंचाई विभाग के अधिकारियों की पृथक से बैठक कराने हेतु निर्देशित किया गया।

गुरुनानक नगर, बाबू कुंज बिहारी व गीतापल्ली वार्ड में जल निगम द्वारा बिछाई जा रही सीवर लाइन के कारण यहां नाला सफाई न होने से जलभराव की समस्या है। जल निगम द्वारा इस क्षेत्र के समस्त कार्य अग्रिम 15 जून, 2023 तक पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दी गयी।

क़िला मोहम्मदी नाले के शहीद पथ के क्रासिंग स्थल पर कल्वर्ट का सेक्शन पर्याप्त न होने तथा लेवेल ऊँचा होने की समस्या के समाधान हेतु मा0 मंत्री जी द्वारा एन.एच.ए.आई. को निर्देशित किया गया। पी.डी.-एन.एच.ए.आई. द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु शीर्ष प्राथमिकता पर कार्यवाही किये जाने हेतु प्रतिबद्धता दी गयी।

क़िला मोहम्मदी नाले के एलाइनमेन्ट में कई जगह काफी अतिक्रमण होने तथा इसकी समुचित सफाई न होने से जलभराव की समस्या के समाधान हेतु मा0 मंत्री जी द्वारा सिंचाई विभाग को इसकी समुचित सफाई हेतु निर्देश दिये गये तथा अतिक्रमण हटाने हेतु सिंचाई विभाग, नगर निगम व जिला प्रशासन को संयुक्त अभियान चलाकर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

टेढ़ीपुलिया चौराहे से मुंशीपुलिया होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहे तक पी.डब्लू.डी. एन.एच. खण्ड द्वारा निर्मित किये जा रहे फ्लाइओवर तथा नाले की रीटेनिंग वार के कार्य के कारण जलनिकासी बाधित होने की समस्या के समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग को 15 जून, 2023 तक कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

कुकरैल नदी में जल निगम द्वारा किये जा रहे कार्य के कारण नदी का बहाव बाधित है जिसे जल निगम द्वारा 15 जून, 2023 तक खोले जाने की प्रतिबद्धता दी गयी। मा0 मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग कुकरैल नदी के सभी बैरलों का संयुक्त निरीक्षण कर लें तथा उनसे सम्बन्धित सभी कार्य 15 जून, 2023 तक पूर्ण करायें।

बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास श्री रंजन कुमार, प्रबन्ध निदेशक जल निगम, निदेशक नगरीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा, अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल, नगर आयुक्त लखनऊ, अपर सचिव एवं अधीक्षण अभियन्ता लखनऊ विकास प्राधिकरण, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, अपर जिलाधिकारी लखनऊ, मुख्य अभियन्ता सिंचाई विभाग, अधीक्षण अभियन्ता गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी/अभियन्ता उपस्थित थे।

# 'ना थ्रो-ना थ्रो' ट्रिपल आर सेंटर : कतरन बैंक, गुठली बैंक, कपड़ा बैंक से लेकर पुस्तक बैंक तक स्थापित, कबाड़ को भी दिया गया आकार

लखनऊः आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान' के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में 'ना थ्रो-ना थ्रो' ट्रिपल आर सेंटर की शुरुआत की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से आम नागरिक अपने घरों की ऐसी चीजें ( कपड़े, किताबें, खिलौने, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक उपकरण, मशीनरी आदि ) जिनका इस्तेमाल नहीं है उनका ट्रिपल आर सेंटरों से देने की अपील की गई है। नगरीय निकायों द्वारा इन निष्प्रयोज्य वस्तुओं को जरुरतमंदों को बांट की पहल भी की गई। इस दिशा में कई नगरीय निकायों के स्तर पर अभिनव प्रयोग भी किए गए हैं। लखनऊ नगर निगम की ओर से चिकनकारी से निकलने वाले कूड़े का आकार देने के लिए कतरन बैंक, गुठली बैंक से लेकर नगर निगम के कबाड़ वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों के रूप में विकसित किया गया। खास बात यह है कि इन केन्द्रों को कपड़ा बैंक, किताब बैंक, बर्तन बैंक, खिलौना बैंक के रूप में विकसित किया गया है। राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) नेहा शर्मा ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छ कनेक्ट के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह, जन प्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, स्टूडेंट्स, सर्विस क्लास समेत समाज के अन्य वर्गों को भी जोड़ा जा रहा है।

## गाजियाबाद के पांचों जोन में RRR सेंटर का शुभारंभ

नगर निगम द्वारा गाजियाबाद के पांचों जोन में RRR सेंटर का शुभारंभ किया गया है। वसुंधरा जोन के अंदर वैशाली सेक्टर 1 आरआरआर सेंटर यानी री-साइकिल, रीयूज, रीड्यूस खोला गया है। इन आरआरआर सेंटर में एनजीओ के माध्यम से पुस्तकें, खिलौने, किताबें, जूते व अन्य वस्तुएं जमा कराई गई जहां से कुछ जरुरतमंद व्यक्तियों द्वारा अपनी जरुरत की चीजों को लिया जाएगा। नो थ्रो के अंतर्गत ना केवल शहर को कचरा मुक्त और सुंदर बनाया जा रहा है बल्कि जरुरतमंद व्यक्तियों का भी सहयोग मिल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस प्रकार के पांचों जोनों में सेंटर खोले गए हैं जिसके लिए नगर आयुक्त नितिन गौड़ के निर्देश के क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ मिथिलेश ने बताया कि इस अवसर पर नो थ्रो रथ को माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय द्वारा हरी झंडी दी गई। इस रथ के माध्यम से शहर से अनुपयोगी वस्तुओं को सेंटर पर लाया जाएगा। इनको एनजीओ के माध्यम से उनको जरुरतमंद व्यक्तियों के पास पहुंचाया जाएगा। इस प्रकार की मुहिम से शहर को जागरुक करने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है।




## नगर पालिका परिषद भरवारी में बने केन्द्र

नगर पालिका परिषद भरवारी में 'ना थ्रो-ना थ्रो' ट्रिपल आर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसका शुभारंभ 20 मई को नगर पालिका भरवारी के भरवारी जोन कार्यालय में किया गया है। नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशाषी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि इन केन्द्रों के माध्यम से आप अपने घरों की निष्प्रयोज्य सामग्री जैसे कपड़े, किताबें, खिलौने, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक उपकरण, मशीनरी आदि दे सकेंगे। नगर पालिका इनको एकत्रित कर जरुरतमंदों को मुफ्त में वितरित करेगा। इन केन्द्रों को कपड़ा बैंक, किताब बैंक, बर्तन बैंक, खिलौना बैंक के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ट्रिपल आर सेंटर उपलब्धता के आधार पर हर जोन में स्थापित किए जाएंगे।इसके साथ ही, मिशन लाइफ अभियान के अन्तर्गत विशेष जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमे लोगो को मिशन लाइफ के बारे में भी जागरुक किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक हितेश श्रीवास्तव,लिपिक पंकज श्रीवास्तव,संजय गुप्ता,संदीप पाण्डेय,लवकुश सोनी, नीरज पांडेय,आशीष सेन,अमित मिश्रा सहित तमाम कर्मचारी एवम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।




## झांसी में आरआरआर की धूम

नगर निगम झांसी के क्षेत्र में संचालित हो रहे मिनी मैटेरियल रिकवरी फैसिलटी सेंटर की संख्या को तीस से बढ़ाकर साठ करने की तैयारी चल रही है। इन स्थानों पर प्लास्टिक और अन्य वेस्ट पदार्थों का संग्रह करने के साथ ही इसे लाने वाले व्यक्ति को इसकी एवज में पैसे भी दिए जाएंगे। ऐसे वेस्ट पदार्थों को प्रोसेस कर उनसे फिर से उपयोग में लाये जाने वाली सामग्री तैयार की जा सकेगी। झांसी नगर निगम के अपर नगर आयुक्त मोहम्मद कमर ने बताया कि लोग सॉलिड वेस्ट को कूड़े वाले को न देकर सेग्रीगेटेड कूड़ा नगर निगम के फैसिलिटी सेंटर पर लाकर दें। इसके बदले में उन्हें कुछ पैसे भी प्रोत्साहन के रूप में दिए जायेंगे। प्लास्टिक और इस तरह के अन्य वेस्ट मैटेरियल यहां दिए जा सकते हैं। लोग अपने डस्टबिन में गीला कूड़ा अलग डालें बाकी यहां लाकर दें, जिससे उसकी प्रोसेसिंग आसानी से हो सके। नियमित रूप से इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने वालों को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया से सॉलिड वेस्ट का प्रॉपर उपयोग और डिस्पोजल हो पायेगा। अभी तीस मिनी मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर चल रहे हैं और इनकी संख्या साठ करने की तैयारी है।




**कानपुरः** कुलपति कानपुर विश्विद्यालय और नगर आयुक्त द्वारा मेरी लाइफ, मेरा स्वच्छ शहर अभियान के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में प्लॉग रन का आयोजन किया गया।जिसमें, विद्यार्थियों तथा नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।



**देवरियाः** नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा इंदिरा गांधी कॉलेज में माई लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान के अंतर्गत चित्रकला का आयोजन किया गया।



**बांदाः** बांदा नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के गूलरनाका स्थित अवस्थी पार्क में आरआरआर सेंटर की स्थापना की गई है।



नगर निगम आगरा



नगर निगम बरेली




**मेरठः** नगर पंचायत शाहजहांपुर मेरठ में ना-Throw, ना-Throw सेंटर की स्थापना करके शासनादेशों अनुसार उक्त सेंटर में नागरिकों द्वारा प्रयोग की हुई सामग्री जैसे पुरानी किताबें, प्रयोग किये हुए कपड़े, जूते, प्लास्टिक की वस्तुएं, खिलोने, बोतलें, बर्तन आदि जमा करने हेतु एक स्टॉप समाधान के रूप में उपरोक्त सामग्री पृथक पृथक रूप से जमा करने के लिए बड़े बड़े डस्टबिन/डिब्बे रखवाए गए हैं।




## सोशल मीडिया पर प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की जा रही है।


Roopa Mishra @RoopaMishra77 · May 20
Something interesting is happening on ground today across cities!!
Reduce Reuse Recycle( RRR) Centres are being rolled out for public to drop off the things that they don't need any longer.
Let's locate our nearest RRR centre and declutter our
#RRR4LIFE
#LIFE
Hardeep Singh Puri and 7 others
3 · 24 · 112 · 6,806


A K Sharma @aksharmaBharat · May 20
#स्वच्छ_भारत की भावना के तहत लखनऊ नगर में #LIFE_Lifestyle For #Environment एवं #RRR - #Reduce_Reuse_Recycle और #Na_Throw की जनचेतना जगाने वाले अभियान, कार्यक्रम तथा सेंटर का उद्घाटन किया।
हम सब #स्वच्छ_शहर एवं #वैश्विक_नगर की तरफ़ तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं।
शुभकामना।
#HumaraUP... Show more
Amit Shah and 9 others
52 · 438 · 525 · 6,376


Manoj Joshi
@Secretary_MoHUA
Kudos to Ghaziabad Nagar Nigam for this eyeball-catching #RRR Centre to encourage citizens for a visit and sharing their discarded items.
It is a significant move in the fight of #IndiaVsGarbage and will take us further on the path of cleanliness & development.
#ChooseLiFE

PMO India and 7 others

## नगर विकास विभाग द्वारा सफाई मित्रों के सम्मान एवं क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊः** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि सीवर एवं सैप्टिक टैंक की सफाई जैसे खतरनाक कार्य से सफाई कर्मियों के जीवन को बचाने के लिए केन्द्र सरकार ने अनूठी पहल की है और मनुष्यों द्वारा किये जाने वाले इस कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। प्रदेश में भी निकाय अधिकारियों को सीवर एवं सैप्टिक टैंक की सफाई मशीनों द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के प्रयोग को बढ़ाने तथा सुरक्षा आदि के संबंध में सफाई मित्रों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है।

नगर विकास मंत्री जी के निर्देशों के क्रम में नगर विकास विभाग द्वारा सफाई मित्रों के सम्मान एवं क्षमता संवर्धन हेतु 19 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नगरीय निकाय निदेशालय में किया गया। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों को गरिमामयी जीवन व सुरक्षा के साथ ही आधुनिक मशीनों के माध्यम से उन्नत तकनीक से लैस करना सरकार का पहला लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र आज हमारे और आपके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके योगदान के बिना हम एक स्वस्थ, समृद्ध और



विकसित समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सफाई का सारा काम मैनुअल तरीके से होता था। कई बार जीवन को दांव पर लगाकर ड्यूटी निभाने की चुनौतियां रहती थी।

श्रीमती नेहा शर्मा जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जब स्वच्छ भारत मिशन की अवधारणा परिकल्पित की तो उसके बाद सफाई मित्रों के जीवन में भी आमूलचूल परिवर्तन होने की शुरुआत हुई। उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और हमारे मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्र सरकार की इस पहल को बहुत ही गंभीरता से लेते हुए आगे बढ़ाया। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर चुका है। एक महत्वपूर्ण पड़ाव लगातार पार करते हुए सफलता की ओर अग्रसर हैं. हम सभी के सम्मिलित प्रयास से जो सफलता प्राप्त हुई है उसी वजह से आज हम इस कार्यशाला का आयोजन करते हुए और आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि कभी सफाई मित्र हमेशा से अपने कार्य के दौरान चुनौतीपूर्ण और जीवन के लिए खतरनाक समझे जाने वाले पलो से गुजरते थे लेकिन आज परिस्थितियां दूसरी हैं। मिशन निदेशक ने कहा कि जो भी हमारे सफाई मित्र कार्यशाला में सीखते हैं यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह जब फील्ड पर जाएं तो इससे अपने अन्य साथियों को भी अवगत कराए।



## मेरठः बच्चों के लिए तैयार किया किड्स कॉर्नर

मेरठ। कबाड़ से जुगाड़ अभियान के लिए देश भर में प्रशंसा बटोर रहे नगर निगम मेरठ की ओर से एक अनूठी पहल की गई है। यहां बेकार वस्तुओं के इस्तेमाल से चौराहों को सजाया गया है। बच्चों के खेलने के लिए किड्स कॉर्नर के रूप में विकसित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा सर्किट हाउस चौराहे पर पहला किड्स कॉर्नर तैयार किया गया है। यहां बच्चों को हिल ट्रैकिंग, प्ले टनल से लेकर सरकने वाले झूले तक तैयार किए गए हैं। खास बात यह है कि यह सभी झूले बेकार जेसीबी टायर, लोहे के स्क्रैप जैसी वस्तुओं के इस्तेमाल से तैयार किए गए हैं। यह किड्स कॉर्नर पूरी तरह से निशुल्क हैं और सात साल तक के बच्चे यहां खेल सकते हैं। नगर निगम की ओर से यह पहला प्रयोग है। इसके बाद आगे भी कई इस तरह के किड्स कॉर्नर बनाने की तैयारी है।




## नगर निगम की 6 करोड़ 24 लाख से अधिक की भूमि हुई कब्ज़ा मुक्त हटाया गया अवैध अतिक्रमण

लखनऊ : नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह जी के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी कर्नल सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में 20 मई को संयुक्त अभियान चला कर तहसील सदर के ग्राम-बरावन कला क्षेत्र में मौजूद नगर निगम की करीब 0.145 हे0 जमीन को कब्ज़ा मुक्त करा के अवैध अतिक्रमण को हटाने की सफल कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

उक्त के क्रम में ग्राम-बरावन कला, तहसील-सदर में नगर निगम की लगभग 0.145 हे0 भूमि जिसकी खसरा 1213 है और जिसका बाजारू मूल्य तकरीबन 6,24,08,000 (छः करोड़ चौबीस लाख आठ हजार रुपये) है। उक्त भूमि पर हैदर अली निवासी चोरघाटी कैम्पल रोड लखनऊ द्वारा विक्रय कर प्लाटिंग व बाउण्ड्रीवाल बनवाकर अवैध कब्जा किया गया था। उक्त खसरा संख्या 1213 अभिलेखो में ग्राम समाज दर्ज है, जो नगर निगम में निहित है।आज वृहद अभियान चलाकर नगर निगम की 15,600 वर्गफुट भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराकर उस पर व्याप्त अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया।

उक्त अभियान जोनल अधिकारी जोन-6 श्री नन्द किशोर,




श्री सुरेश श्रीवास्तव सुपरवाइजर कानूनगो, क्षेत्रीय लेखपाल अरुण कुमार गौतम, लेखपाल श्री सुशील सिंह एवं नगर निगम की ई0टी0एफ0 टीम तथा पी0ए0सी0 व थाना दुबग्गा की पुलिस बल के सहयोग से चलाया गया।





## माहवारी स्वच्छता दिवस 2023 के अवसर पर मासिक धर्म अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊः माहवारी स्वच्छता दिवस 2023 के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 उत्तर प्रदेश द्वारा मासिक धर्म अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक, स्थानीय निकाय, श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सैनिटरी नैपकिन का निस्तारण करते वक्त बेहद सावधानी बरतनी चाहिए। इसके लिए हमें घरों में अलग डस्टबिन रखना चाहिए। समाज में हमें सैनिटरी नैपकिन के समुचित निस्तारण के लिए व्यापक जागरुकता लानी होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार के आवास और शहरी मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रुपा मिश्रा ने अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा भारत में हर साल देखभाल के लिए करीब 12.3 बिलियन डिस्पोजेबल सैनिटरी नैपकिन हैं, जिनमें से अधिकांश में प्लास्टिक के घटक होते हैं जिन्हें अपघटित होने में 500-800 वर्ष लगते हैं। अब समय आ गया है कि लोग गीला हरा और नीला सूखा कूड़ेदान के अलावा बायोडिग्रेडेबल वेस्ट के लिए अलग कूड़ेदान का प्रयोग करें, और इसको लेकर हमें जागरुक करने का कार्य करना चाहिए।

कार्यशाला के दौरान डॉ. श्यामला मणि, प्रोफेसर, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने वर्तमान और भविष्य की चुनौतियाँ- सैनिटरी नैपकिन अपशिष्ट भार पर अपने विचार व्यक्त किए। रीयूजबल प्रोडक्ट्स को अपने जीवन में अपनाना चाहिएडॉ. नीलम सिंह, सीईओ, वात्सल्य:- निपटान प्रथाएं और इसका पर्यावरणीय प्रभाव: शहरी बनाम शहरी ग्रामीण भारत को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा की मेंटल हेल्थ की अवेयरनेस को लेकर हमें भी काफी कार्य करना है, लोगों को हमें जागरुक करना है कि मेंस्ट्रूअल हाइजीन हमारे लिए कितनी जरुरी है। डॉ. अरुंधती मुरलीधरन, संस्थापक, एमएचएआई-उपलब्ध मासिक धर्म अपशिष्ट का मूल्यांकन उपचार का विकल्प को लेकर चर्चा की।







## सीएमएनएसवाई: नवसृजित एवं विस्तारित नगरीय निकायों में आधारभूत सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध

**लखनऊः** देश एवं प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के दृष्टिगत नगरीय जनसंख्या के कारण अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता अनुभव की गयी। उक्त के दृष्टिगत प्रदेश के 10 नगर निगमों गठन/सीमा विस्तार किया गया है। इसी प्रकार 04 नगर पालिका परिषदों का उच्चीकरण, 42 नगर पालिका परिषदों का सीमा विस्तार तथा 112 नई नगर पंचायतों का गठन, 72 नगर पंचायतों का सीमा विस्तार किया





गया है। इस प्रकार प्रदेश में कुल 240 नगरीय निकायों का गठन/सीमा विस्तार किया गया है। विगत 05 वर्षों में प्रदेश के कुल 240 नवगठित/उच्चीकृत/विस्तारित नगरीय स्थानीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं यथा पेयजल आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, सड़क निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था आदि के विकास हेतु मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना प्रारम्भ की गयी है।

योजनान्तर्गत प्रदेश के 47 नवगठित / उच्चीकृत / विस्तारित नगरीय स्थानीय निकायों



में कल्याण मण्डप रू0 160.68 करोड़ की लागत से अनुमोदित किये गये हैं। इसी प्रकार इन क्षेत्रों में स्थित 249 स्कूलों के कायाकल्प के लिये रू0 27.59 करोड़ अनुमोदित किये गये हैं । रोड / इंटरलाकिंग के 1942 कार्य रू0 343.21 करोड़ की लागत से अनुमोदित किये गये हैं। योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी, पार्क, ओपन स्पेस, सामुदायिक सुविधाओं, नवसृजित निकायों के कार्यालिय भवनों आदि के लिये कुल रू0 764.00 करोड़ की लागत के कार्य अनुमोदित कर रू0 484.18 करोड़ उपलब्ध कराये जा चुके हैं। 30 नवसृजित निकायों में कार्यालिय भवन के निर्माण का कार्य कार्यदायी संस्था सी0एण्डडी0एस0 द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निकायों में अन्य मूलभूत सुविधाओं का निर्माण निकायों द्वारा स्वयं कराया जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने समस्या के समग्र समाधान हेतु न केवल 112 नगरीय निकायों का सृजन किया वरन 129 निकायों का उच्चीकरण/सीमा विस्तार भी किया और इन क्षेत्रों के होल्स्टिक डेवलपमेंट की परियोजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के उददेश्य से रू0 550.00 करोड़ की धनराशि भी बजट में आवंटित करायी गयी। उक्त आवंटित धनराशि के सापेक्ष रू0 485.52 करोड़ निकायों को उनकी परियोजनाओं के सापेक्ष उपलब्ध कराये जा चुके हैं। ऐसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को और सुदृढ़ करने के लिये आवश्यक आधारभूत संरचना के विकास हेतु प्रदेश

**योजनान्तर्गत कराये जाने वाले मुख्य कार्य निम्नवत है:**

- मार्ग निर्माण एवं जल निकासी हेतु नाला/नाली निर्माण।
- सड़क के निर्माण से पूर्व विद्युत तथा टेलीफोन के तारों को अन्डरग्राउण्ड किया जायेगा।
- आवश्यकतानुसार इन्फ्रास्ट्रक्चर डक्ट बनाया जायेगा, जिससे सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त न हो।
- सामुदायिक केन्द्र (कल्याण मण्डप) कम्युनिटी सेन्टर।
- मुख्य व्यापारिक क्षेत्र।
- प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यीकरण।
- पार्क/ओपेन स्पेस का विकास।
- स्कूल एवं आंगनबाडी केन्द्र।



सरकार द्वारा रू0 498.00 करोड़ की धनराशि और उपलब्ध करवायी जा रही है। इस प्रकार प्रदेश के नवगठित/उच्चीकृत / विस्तारित नगरीय स्थानीय निकायों में उनके गठन के साथ ही लगभग रू0 996 करोड़ की परियोजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजनान्तर्गत रू0 607.10 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

## गाजियाबाद का यह पार्क है बेहद खास, यहां लोगों को मिलती हैं खास सुविधाएं

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद का चंद्रशेखर पार्क अपने आप में छोटा नगर निगम है। दरअसल इस पार्क में बल्क वेस्ट जनरेटर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ओपन जिम, सुलभ शौचालय, प्याऊ, आरडब्लूए कार्यालिय, कॉटेज हाउस जैसी कई व्यवस्था है। यही वजह है कि इस पार्क में रोजाना सैकड़ों लोग वॉक करने के लिए आते हैं। यह पार्क गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में स्थित है।

चंद्रशेखर पार्क वर्ष 2000 में बनकर तैयार हुआ था। आसपास के क्षेत्र जिनमें गणेशपुरी, बी ब्लॉक और शालीमार गार्डन आता है। इनमें कोई भी ऐसा पार्क नहीं है जिसमें चंद्रशेखर पार्क के बराबर हरियाली हो। इसलिए यहां पर सुबह और शाम के वक्त काफी भीड़ देखने को मिलती है।

बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया बनायापार्क में बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बुजुर्ग अगर थक कर बैठ ना चाहे तो उनके लिए कॉटेज हाउस भी बनाया गया है जिनमें 40 बुजुर्गों की बैठने की क्षमता है। इस कॉटेज हाउस में पंखा भी लगा है। पार्क में साफ सफाई का माहौल देखने के लिए मिलता है। शायद वो इसलिए भी क्योंकि पार्क में गीला और सूखा कूड़ा के अलग-अलग कूड़ेदान बनाए गए हैं। इसके साथ ही बच्चों के खेलने के लिए प्लेइंग एरिया भी बनाया गया है।












# लखनऊ नगर निगम ने शपथ ग्रहण समारोह को बनाया जीरो वेस्ट इवेंट, कूड़ा का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया




लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की है। बीती 26 मई की आयोजित नगर निगम की नवनिर्वाचित मा. महापौर एवं 110 मा. पार्षदों ने शपथ ग्रहण समारोह को जीरो वेस्ट शपथ ग्रहण समारोह के रूप में मनाए जाने में सफलता हासिल की। इस समारोह का आयोजित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया था। समारोह में आए सभी नागरिक एवम् जन-प्रतिनिधियों ने इस नवीन मुहीम को प्रोत्साहित किया।

जीरो वेस्ट इवेंट के मानकों के अनुरूप इस समारोह से उत्सर्जित सभी प्रकार के कूड़े का वैज्ञानिक रूप से 100 प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। परिसर में एक मिनी मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) की स्थापना की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे गणमान्य लोगों को कूड़े के पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक किया गया। गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग कूड़ेदान में डालने के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों की जागरूकता के चलते इस इवेंट को जीरो वेस्ट बनाने में काफी मदद प्राप्त हुई। आयोजन स्थल पर ही विभिन्न श्रेणियों के सूखे कचरे को सावधानीपूर्वक छांटा गया और नगर निगम द्वारा नियुक्त अधिकृत रिसाइकलरों को प्लास्टिक (3 किलो), कार्डबोर्ड (23 किलो), कपड़ा (7 किलो), और कागज (11 किलो) सहित रीसाइक्लिंग के लिए भेजा गया। गीला कचरा (29 किलो) अलग से एकत्र किया गया और एक जैविक अपशिष्ट कनवर्टर (ओडब्ल्यूसी) मशीन के माध्यम से संसाधित किया गया।




# अखबारों की नजर से हम सबने ठाना है, स्वच्छ उत्तर प्रदेश बनाना है

## एक साल में 98 प्रतिशत शिकायतें निपटी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंत्री बनने के बाद नगरीय निकाय, निदेशालय में डेडिकेटड कमांड कंट्रोल रूम की शुरूआत की, जिसके माध्यम से शहरों की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है। इसके साथ ही जनशिकायतों का निस्तारण भी कराया जाता है। एक वर्ष में नगर विकास विभाग में 46308 जन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 45829 का सफल निस्तारण कराया गया, वहीं ऊर्जा विभाग में भी 170854 शिकायतों में से 156699 का सफल निस्तारण हो चुका है और 14155 प्रक्रिया में है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि सरकार की पारदर्शी, संवेदनशील, परेशानियों में शीघ्र राहत देने व लोकतांत्रिक प्रक्रिया की इस व्यवस्था से लोगों का प्रदेश सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। शिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर 1533 भी आमजन को उपलब्ध कराया गया। जन समस्यायों के त्वरित निस्तारण के लिए दोनों विभागों में सम्भव नामक व्यवस्था को शुरू किया। इसके माध्यम से 3 से 4 चरणों में प्रति सप्ताह अधिकारियों की ओर से जनसुनवाई की जाती है। प्रत्येक महीने खुद मंत्री राज्य स्तरीय जनसुनवाई करते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में तो स्वागत का इतना असर रहा है कि अप्रैल 2003 से मार्च 2023 तक प्राप्त शिकायतो में से 99.91 फीसदी सुलझा ली गई हैं।


## आम के आम गुठलियों के दाम, आर आर आर सेंटर में मिलेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शासन के निर्देश पर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत मेरा शहर मेरी लाइफ अभियान चलाते हुए सभी ज़ोन में आर आर आर सेंटर की स्थापना की गयी है। जहाँ आम नागरिकों द्वारा इस्तिमाल की हुई प्लास्टिक की वस्तुएँ, पुरानी किताबें, इस्तिमाल किये गये कपड़े और जूते इत्यादि दिये जायेंगे जिन्हें नए उत्पादों में फिर से उपयोग हेतु बनाया जाएगा। आम का मौसम आ रहा है ऐसे में लोगों द्वारा शहर में जगह-जगह आम खाकर गुठलीया फ़ेंक दी जाती है जिससे कि पर्यावरण को काफी नुकसान होता है, आम की इन गुठलियों को भी नगर निगम के इन सेंटरों में नागरिकों द्वारा जमा किया जा सकता है जिसके बदले में वह लोग अपनी जरूरत का सामान भी यहां से ले सकते हैं । ज़ोन 6 के ज़ोनल अधिकारी नंद किशोर ने बताया की सरकार की मंशा है कि प्रदेश को व राजधानी लखनऊ को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से मेरा शहर मेरी लाइफ अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ बनाया जाए जिससे कि पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ आम जनता को साफ-सफाई मुहैया हो सके इसके तहत शहर में अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत ज़ोन में आर आर आर सेंटर की स्थापना की गई जिसमें एक संगीत भी है मोटो भी है न थ्रो न थ्रो जिसके तहत जो भी चीज हमें इस्तेमाल नहीं करनी है उसको सड़कों पर नहीं फेंकना है आर आर आर का मतलब है रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल, लोगों द्वारा दिए जाने वाले सामान को यहां पर एकत्र किया जाएगा जिसमें से लोग अगर अपनी जरूरत का कुछ सामान ले जाना चाहेंगे तो वह लेकर भी जा सकते हैं उन्होंने कहा इससे रीसायकल कर के जो भी नया आइटम बनाए जाएंगे उससे लोगों को एक रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

## गोला में नौका विहार के साथ अब सेल्फी प्वाइंट का भी लें आनंद




सरयू तट पर बसे उपनगर गोला के पक्का घाट पर नौका विहार पर 'आई लव हमारा गोला बाजार' सेल्फी प्वाइंट का आनंद लेते लोग।

ककरही (एसएनबी)। बड़े शहरों की तर्ज पर अब सरयू तट पर बसे उपनगर गोला के पक्का घाट पर नौका विहार के साथ अब आई लव हमारा गोला बाजार सेल्फी प्वाइंट का भी आनंद ले सकेंगे।

नगरवासी छोटी अयोध्या के नाम से प्रसिद्ध गोला के पक्का घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं। लगभग दो माह से पक्का घाट पर मां सरयू में नौका विहार शुरू होने के बाद अब नगर व क्षेत्रवासी अपने मोबाइल से सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने का भी आनंद ले सकेंगे। गोरखपुर के रामगढ ताल की तरह गोला में नौकायन शुरू होने के बाद पक्का घाट नगवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। अब सेल्फी प्वाइंट को लेकर युवाओं में भी काफी उत्साह है। धार्मिक स्थल के बावजूद जिस पक्के घाट के आस पास कूडे करकट का अंबार लगा रहता था वहां अब नगर पंचायत व जन सहयोग से घाट की सफाई, नौकायन, सेल्फी प्वाइंट आदि व्यवस्थाओं के साथ पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए ऐतिहासिक रसिक विहारी मंदिर का जीर्णोद्धार, लाईट, मां सरयू की प्रतिदिन आरती, आस-पास पार्क विकसित करने तथा नदी के घाटों को हैरिटेज लुक देने के लिए पत्थर से घाट व रेलिंग लगवाने के साथ आस-पास के क्षेत्र में हरियाली विकसित करवाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जैसे तमाम विकास कार्य किये जाने हैं ताकी आने वाले दिनो में गोला का पक्का घाट पर्यटक स्थल का सपना सच हो और क्षेत्रवासी उसका सौंदर्य देखने के लिए पहुंचे।

### नेकदिल नगर आयुक्त की पहल

## शहर में भीख मांगने वाले 128 बच्चों का कराया चिनहट में दाखिला

### स्मार्ट क्लास में बच्चों को दी जा रही शिक्षा, नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारी के परिवार को मदद के दिये निर्देश

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से आज सफाई कर्मचारी यूनियन के कई पदाधिकारी ने मुलाकात की जिसमें यह है मुद्दा रखा गया कि जोन 8 में जो महिला संविदा सफाई कर्मचारी की एक्टिवा से टकराने से मृत्यु हो गई थी उसके परिवार को मदद की जाए इसपर नगर आयुक्त ने मुख्य वित्त लेखा अधिकारी को दिशा निर्देश दिया कि इन्हें तत्काल जो भी इनका मदद दी जानी है वह तुरन्त दी जाये इसके साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा राजधानी में गरीब जो बच्चे भीख मांगते थे उन्हें पकड़कर शिक्षा दीक्षा देने की व्यवस्था बनाई है जिसमें लगभग 128 बच्चे उम्मीद संस्था के माध्यम से चिनहट में उन्हें शिक्षा दीक्षा दी जा रही है तथा उनका एडमिशन भी करा दिया गया है और यह बच्चे अब बजाय भीख मांगने के नए तौर पर स्मार्ट क्लास में शिक्षा ग्रहण कर रहे है इसमें अंग्रेजी बोलने को भी सिखाया जा रहा है साथ ही साथ इस तरीके से होनहार बनाया जाएगा जिससे यह बड़े ऊपर तक जाएंगे और किसी महत्वपूर्ण पद पर इनकी कार्य की जिम्मेदारी दी जाएगी वह एक अच्छी तरह की सोच और पहल है ठीक इसी प्रकार से जो आम जनता हर दिन जन शिकायतों को लेकर मिलने के लिए आती है उस पर वह एक एक व्यक्ति से मिलकर तथा चाहे वह बुजुर्ग हो या महिला हो या बच्चे हैं उनको कुर्सी पर बैठा कर उनकी समस्याओं को सुनने के बाद तो त्वरित से कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को देते हैं वैसे वैसे वह इस तरह के पहले आईएएस अफसर देखे जा रहे हैं जो जमीनी हकीकत जानने के लिए आम जनता के बीच में उतर कर उनकी जन शिकायतों को सुनकर उस पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते हैं उनका मानना है कि यदि उन्हें सरकार ने आम जनता की सेवा करने के लिए एक महत्वपूर्ण पद पर तैनाती की है तो उनकी सेवा करना उनका मुख्य कर्तव्य है वैसे यदि देखा जाए तो तमाम ऐसे आईएएस अफसर है जो बिल्कुल अपने घमंडवा गुरुर में चूर होकर कुर्सी पर बैठकर कार्य करते हैं लेकिन इंद्रजीत सिंह की कार्यशैली बिल्कुल अलग तरीके दिखती है।



उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 19.06.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर

## पुराने कपड़े, खिलोनों के बदले मिला तुलसी का पौधा




झाँसी (बीपीएन टाइम्स)। मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान नगर निगम में नगर आयुक्त पुलकित गर्ग के निर्देशन में चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में अनउपयोगी वस्तुओं को रिड्यूज- रीयूज - रिसाइकिल अर्थात आर आर आर सेंटरों में दान करने हेतु आम जनों को प्रेरित किया जा रहा है ताकि जरुरतमंदों को लाभ मिल सके। बाकी सामान को रिसाइकिल किया जा सके।

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप चलने वाले इस अभियान में एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से पुरानी वस्तुएं दान देने वाले कुछ लोगों को प्रकृति प्रेमी - पर्यावरण मित्र के प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया । वहीं तुलसी का पौधा भी भेंट कर लोगों से स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण की अपील की गई। इस अवसर पर कहा गया कि पुरानी,किताबें खिलोने ,कपड़े, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित कई वस्तुएं ऐसी हैं जो कुछ समय बाद हमारे लिए अनुपयोगी हो जाती है और हम इन्हें कूड़ा घर में फेंक देते हैं। सभी पुरानी वस्तुएं जब आपस में मिक्स हो जाते हैं तो हमारे किही काम के नहीं बचते और कूड़े के ढ़ेर में मिक्स हो जाते हैं जिनका पृथक्कीकरण किया जाना कठिन हो जाता है। यदि यहीं हम इन्हें आर आर आर सेंटर पर दान कर दें तो जरुरत मंद का भला भी हो जाएगा और कचरा भी समाप्त हो जाएगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त मोहम्मद कमर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धीरेन्द्र गुप्ता, जोनल सेनिटरी आफिसर रवि चंद्र निरंजन ने कहा कि प्रतिबंधित पालीथीन प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए,कचरे का उत्पादन कम से कम हो, पुरानी वस्तुओं को रीयूज करें,हीट वेव/लू प्रकोप एंव गर्म हवा से स्वयं बचना सुनिश्चित करें। जिला जनकल्याण महासमिति झांसी के केंद्रीय अध्यक्ष डा जितेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत हो जाती है इसीलिए पानी की बबार्दी न करें, पक्षियों और जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा संस्था द्वारा पुरानी वस्तुएं को लेने के लिए इस अभियान को अनवरत जारी रखेगी और समय समय पर लोगों को आकृषक उपहार देकर प्रोत्साहित भी करेगी । अंत में अनुपयोगी वस्तुओं को पोटा केबिन के संचालक निशिकांत राय को सौंप गया। इस अवसर पर इन्दर पाल सिंह खनूजा, मुकेश ठेकेदार, गोविंद शर्मा, हरप्रीत सिंह,कृष्णा सेन,राम लखन मिश्रा,साहिल श्रीवास्तव,अनूप साहू, रमाशंकर तिवारी, हरीशंकर मालवीय, विकास साहू, श्रेयांस श्रीवास्तव, सुशांत श्रीवास्तव, सोनू माटोलिया, दीपांशु गौड़ राजेश श्रीवास्तव, कुशाग्र तिवारी, बलवीर मुकद्दम, मनमोहन पाठक सतेंद्र कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे। श्रीमती निर्मल तिवारी ने वंदना सेन,रुपा सिंह,अनीता तिवारी,आभा मालवीय, उर्मिला सेन,श्यामा बाई आदि को तुलसी का पौधा भेंट किया।

## स्वच्छ विरासत अभियान को मिला हडको अवार्ड

- 14 से 24 जनवरी के बीच प्रदेश भर के 75 पर्यटक स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों पर चलाया गया था स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश के स्वच्छ विरासत अभियान को देश के प्रतिष्ठित हडको अवार्ड (2022-2023) के लिए चुना गया है। इस अभियान को बेस्ट प्रैक्टिसेस टू इम्प्रूव द लिविंग एन्वायरमेंट (2022-23) में पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री भारत सरकार हरदीप पुरी आगामी 25 अप्रैल को नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित हडको इण्डिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। नगर विकास मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के नगरों को गुड टू ग्रेट बनाते हुए वैश्विक नगर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 जनवरी 2023 यानी मकर संक्रांति के दिन से पतंग महोत्सव के साथ स्वच्छ विरासत अभियान की शुरुआत की गई । इसमें प्रदेश के 75 पर्यटक स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों को शामिल किया गया। इस दौरान इन स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, साइट के अंदर प्लॉग रन जैसी गतिविधियों के माध्यम से घाट, तालाब, बाजार समेत अन्य वाणिज्यिक क्षेत्रों की साफ सफाई में आम जनमानस को शामिल किया गया। 10 दिन के इस सफल अभियान का समापन 24 जनवरी को यूपी स्थापना दिवस के दिन गौपूजा के साथ किया गया। भारत सरकार के उपक्रम हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिष्ठित हडको अवार्ड 2022-23 के लिए देश भर से इन्ट्री प्राप्त की गई थी।

THE TIMES OF INDIA

Delhi Bengaluru Hyderabad Kolkata Chennai Agra Agartala Ahmedabad Ajmer

...onal award for sanitation

LUCKNOW: Uttar Pradesh has been selected for the prestigious Swachh Bharat Mission (Urban) HUDCO Awards 2022-23 for its Swachh Virasat Abhiyan.

The state will be awarded for Best Practices to Improve the Living Environment and get Rs 1 lakh from union minister for housing and urban Affairs Hardeep Puri in New Delhi on April 25.

A government spokesperson said the state's urban development department had started the campaign to make urban areas 'good to great' on January 14 (Makar Sankranti). Under it, 75 tourist and historic areas were selected, and special campaigns were carried out including nukkad natak, puppet shows etc.

"The campaign saw participation of common people with the cleaning of ghats, ponds, markets etc. The campaign went on for 10 days. It won among several entries and a field visit was carried out by HUDCO officials to determine the success of the campaign," said the spokesperson.

### प्रदेश के 11 नगर निगमों के हर वार्ड में बनाए जाएंगे 'ट्रिपल आर' सेंटर

## घरों में बेकार पड़े कपड़े, खिलौने और किताबें जरूरतमंदों में बांटेगी सरकार

अभियान

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार घरों से बेकार पड़े कपड़े, किताबें, खिलौने, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक उपकरण, मशीनरी एकत्रित कर जरूरतमंदों को मुफ्त में बांटेगी। इसके लिए कपड़ा बैंक, किताब बैंक, बर्तन बैंक और खिलौना बैंक सेंटर खोले जाएंगे। इसके लिए 20 मई से 5 जून विशेष अभियान चलाया जाएगा।

राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नेहा शर्मा मंगलवार को बताया कि 11 नगर निगमों लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद व सहारनपुर में 'ना थ्रो- ना थ्रो' 'ट्रिपल आर' सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके माध्यम से इन सामानों को एकत्र कर लोगों में बांटा जाएगा। इसे नगर निगम वॉलंटियर्स के माध्यम से चलाएंगे और स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों समेत अन्य संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति स्वयं निष्प्रयोज्य वस्तुओं को उपलब्ध करा सकता है। घरों ऐसी वस्तुओं को लेने की व्यवस्था होगी। लोगों को जागरूक करने के लिए इन शहरों में 'ना थ्रो-ना थ्रो' रथ निकाले जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) में 'मेरी लाइफ, मेरा स्वच्छ शहर' अभियान के तहत रिड्यूस, रियूज एंड रीसाइकिल के सिद्धांत पर आधारित इस ट्रिपल आर सेंटर की स्थापना की जाएगी। स्वच्छ कनेक्ट के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह, जन प्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, छात्र, नौकरी पेशा समेत समाज के अन्य वर्गों को जोड़ा जाएगा। राज्य मिशन निदेशक ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से इसकी समीक्षा भी की।



नेहा शर्मा

- 20 मई से 5 जून तक चलेगा विशेष अभियान
- कोई भी निष्प्रयोज्य वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है

### कानपुर में फूल व प्रयागराज में थैला बैंक

कानपुर में फूल बैंक बनाया जाएगा। इसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों, घरों और मंदिरों से निकलने वाले फूल एकत्र कर उनसे अगरबत्ती और दूसरी सामग्री तैयार कराई जाएगी। वाराणसी में वेस्ट से अगरबत्ती व हवन सामग्री, प्रयागराज में थैला बैंक, अलीगढ़ ताला इंडस्ट्री से निकलने वाले स्क्रैप को नया आकार देकर उत्पाद तैयार करने का भी फैसला किया गया है। मुरादाबाद में आईआईआई मोबाइल वैन की व्यवस्था की जा रही है।

### लखनऊ में गोबर व गुठली बैंक

उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना में हर जिले में उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इनसे निकलने वाले अपशिष्ट को भी रिसाइकिल करके विशेष उत्पाद (वेस्ट टू वंडर) तैयार कराया जाएगा। लखनऊ में कान्हा उपवन में गोबर बैंक की शुरुआत होगी। इससे इकोफ्रेंडली उत्पाद तैयार किए जाएंगे। गुठली बैंक बनाते हुए आम जैसे फलों की गुठली एकत्र की जाएगी।